**प्रेस विज्ञप्ति**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## विश्वविद्यालय द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस धूम–धाम से मनाया गया

पन्तनगर। 21 जून 2023। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा परिसरवासियों को योग दिवस की शुभकामनाएं दी गयी तथा उनके स्वस्थ्य रहने की कामना की गयी। विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा अनुभाग द्वारा स्टीवेन्सन स्टेडियम में 21 जून 2023 को प्रातः 05:30 से 8:30 बजे तक योग कार्यक्रम किया गया। योग कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कार्यवाहक कुलपति एवं कुलसचिव डा. दीपा विनय, योग विशेषज्ञ श्री मदन कौशिक, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. बृजेश सिंह, प्रभारी शारीरिक शिक्षा डा. पूनम त्यागी एवं निदेशक संचार डा. जे.पी. जायसवाल द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि योग शारीरिक एवं मानसिक दोनों रूपों में स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद है और योग को नियमित करने से मन एवं मस्तिष्क दोनों ही उर्जावान बने रहते है।

इस अवसर पर निदेशक निर्माण एवं संयंत्र डा. ज्योति प्रसाद, अधिष्ठाता पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय डा. एस.पी. सिंह, डा. भाष्कर तिवारी, डा. एच.एस. पपोला, संकाय सदस्य, विद्यार्थी एवं परिसरवासी उपस्थित थे। योग विशेषज्ञ श्री मदन कौशिक द्वारा विभिन्न योगासन, प्राणायाम आदि योग क्रियाओं सहित कार्यक्रम का संचालन किया गया। अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. बृजेश सिंह द्वारा योग गुरू श्री मदन कौशिक, मुख्य अतिथि एवं अन्य सभी का स्वागत किया गया तथा डा. पूनम त्यागी द्वारा सभी का धन्यवाद प्रस्ताव ज्ञापित किया गया।



*विश्वविद्यालय में आयोजित योग कार्यक्रम में योग करते अधिकारीगण, विद्यार्थी, कर्मचारीगण एवं परिसरवासी।*




*विश्वविद्यालय में आयोजित योग कार्यक्रम के दौरान अधिकारीगण, विद्यार्थी, कर्मचारीगण एवं परिसरवासी।*